जो 31 मार्च को खत्म होता है। मैं आपकी मार्फत सरकार से यह निवेदन करूंगा कि यह अमाउंट कम है। इस तरफ ध्यान दे। मैं यह महसूस करता हूं कि सरकार ने किसानों की भलाई के लिये सब सिडी फर्टेलाइजर मे दी है लेकिन यह बहुत कम है नेगलीजिबल है।

इसके अलावा फ्यूचर पालिसी के बारे मे भी गवर्नर साहब के ऐड्रैस मे काफी कुछ दिया हुआ है। मै गवर्नर साहब का भाुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने फ्यूचर पालिसी और प्रोग्राम का जिक्र किया है। इन दोनों चीजों के बारे मे मैं यह साबित करूंगा

कि किस तरह से संतोशजनक है। उन्होंने अपने एड्रैस मे कहा है कि उत्पादन बिजली का बढ़ाया जायेगा। यह बात साफ है इस बात के लिये सरकार को क्रेडिट देना चाहिये और कंडैम करने वाली बात हो उसको कंडैम करना चाहिये। सरकार ने स्कीम बतायी। इस स्कीम के तहत सरकार हिमाचल प्रदे ा से बिजली ले रही है। 605 मैगावाट बिजली पैदा करने का प्रौजेक्ट लगाया जा रहा है। इस 605 मैगावाट मे से 80 परसैंट बिजली हरियाणा को मिलेगी। क्या यह कम बिजली है, क्या यह आग के लिये बेहतर स्कीम नही है। मैं तो यह कहूंगा कि इससे बेहतर स्कीम और कोई बन नही सकती। मैं सरकार को इस बात के लिये दाद देता हूं कि कम से कम सरकार ने बिजली के साधन और बढ़ाये है। कई बातों के बारे मे रेपिटि ान नही करना चाहता हूं क्योंकि बजट पर बोलते हुए मैंने विस्तार से सारी बाते बतायी है।

इसके अलावा स्पीकर साहब नान पैरीनियल कैनाल्ज को पैरीनियल भी बनाया जायेगा इसमे भी कहीं किसी को आपत्ति की बात है। चौधरी रिजक राम जी और चौधरी भजन लाल जी कहा कि नान पैरीनियल कैनाल्ज को पैरीनियर कैनाल्ज बनाते वक्त दूसरी तरफ जो मौजूदा वाटर सप्लाई है उसकी तरफ भी ध्यान रखा जाये यानी उस एरिया का पानी न लिया जाये जहां पर आलरेडी पैरीनियल कैनाल्ज हो चुकी है।

गवर्नर साहब के के एड्रैस मे एक बात और आयी है जो कि उनके नोटिस मे नही आयी है या तो साथियों ने ऐड्रैस को

पढ़ा नी या वैसे ही कह रहे है। गवर्नर साहब ने फरमाया है कि वाटर अलाउंस बढ़ेगा। अगर नोन पैरीनियल से पैरीनियल कैनाल्ज नही बनेंगी तो मैं इस सरकार को दाद कैसे दूंगा। मैं सरकार से यह निवेदन करूंगा कि जो वाटर अलाउंस मैं ान किया है वह भी बढ़ना चाहिये। The Governor's Address in a way is a commitment of the Haryana Government. मै यह कहने के लिये तैयार हूं कि जो इन्होंने कुमिटमैंट की है, उसमे कोइ भााबासी की बात नही, उसको हमने पहले भी आनर किया है और यह सरकार अब भी आनर करेगी।

इसके अलावा जहां टयूबवैल्ज का संबंध है वह नंबर और भी ज्यादा इंक्रीज होगा और वैसे तो मैं कहूंगा कि जितना टयूबवैल्ज का नंबर हरियाणा मे बढ़ा है इसकी कोई स्वप्न मे भी आ ाा नही कर सकता था। हरियाणा मे दो लाख टयूबवैल्ज लग चुक और भी ज्यादा लगने की आ ाा है।

बिजली बोर्ड मे हजारों नुक्स होंगे। रिक्रूटमैंट मे गड़बड़ होगी। मैं यह मानता हूं कि गड़बड़ होगी लेकिन बिजली बोडै ने जो काम किया है टयूबवैल्ज को अनर्जाइज करने के लिये उसके लिये तो सरकार को तारीफ करनी चाहिये। पहले हरियाणा का चार लाख एकड़ एरिया इरीगेट होता था आज टयूबवैल्ज से 15 लाख एकड़ एरिया इरीगेट होता है। यह बिजली बोर्ड का बड़ा भारी कंट्रीव्यू ान है। किसी इंडीविजुअल मे नुक्स है, किसी ने रिक्रूटमैंट मे गड़बडी की है तो दूसरी बात है लेकिन इस बात को

ईमानदारी से मानना पड़ेगा कि हरियाणा बिजली बोर्ड का हरियाणा के विकास मे बहुत बड़ा कंट्रीव्यू ान है। इसके बाद एग्रीकल्चर प्रोडक ान के बारे मे भी वही लिखा है कि ज्यादा की जायेगी। तो मैं एक ही बात कहूंगा कि भाई क्रिटीसिजम बे ाक कर लो लेकिन जहां कुछ कान्ट्रीब्यू ान हो, लैकूना न हो, वहां उसकी तारीफ भी करे। अगर तो लैकूना है कहीं पर कांट्रीब्यू ान मे तो हमारा फर्ज बनता है कि हम उसे प्वायंट आउट करे। बतौर एम.एल.ए. हमारा यह फर्ज बनता है कि हमें यहां पर एजीटेट करना चाहिये। डर किस बात का है ? हमें जनता ने चुनकर भेजा है। उनके हम रिप्रेजैंटेटिव है। हमें साफ बात कहने मे कोई डर नही होना चाहिये। लेकिन साफ बोलने मे हमें ईमानदार आव य होना चाहिये। जहां गवर्नमैंट की सराहना करनी हो, जहां आफिसर्ज की सराहना करनी हो, वहां हमें वह विदहोल्ड नही करनी चाहिये। लेकिन जहां आफिसर्ज की सराहना करनी हो, वहां हमें वह विदहोल्ड नही करनी चाहिये। लेकिन जहां पर कुछ गड़बड़ की बात हो, वहां हमें ईमानदारी से जरूर कहनी चाहिये । स्पीकर साहब, मैं तो आखिरी लफ्ज थोड़े से और कहना चाहता हूं फिर मैं अपनी जगह ले लूंगा। बाबू जी ने जो मो ान आफ थैंकस मूव किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं। एक बात और मैं यहां पर कहना चाहूंगा कि मैं तो यहां पर यह महसूस करता हूं और आपकी फीलिंग भी ऐसी होनी चाहिए कि–

''वतन की बहार तो असली बहार है यारो

मुझे मो इसकी खिजां से भी प्यार है यारो''

अगर यह चीज आपके हरियाणा के अंदर आ जाये तो हरियाण तरक्की करता जायेगा यह मेरी आवाज है। धन्यवाद।

चौधरी प्रताप सिंह दौलता (बेरी): स्पीकर साहब, मैं आपका ज्यादा वक्त न लेते हुए उन प्वायंट्स पर ही बोलूंगा जिन पर मैं नही बोला हूं क्योंकि मैं बजट पर अपने काफी प्वायंटस पर बोल चुका हूं । मैं उनको रिपीट करने के लिये खड़ा नही हुआ हूं। मेरी पहली अर्ज यह है कि यह जो डाकुमैंट हमारे पास यहां पर गवर्नर एड्रैस के नाम से आयी है, यह कोई गवर्नर एड्रैस नही है । आनरेबल गुलाब सिंह जी ने वोट आफ थैंकस मूव करते हुये कहा कि गवर्नर एड्रैस मे दो चीजे होनी चाहिये एक तो जो कार्यवाही पिछले साल वह कर चुके और दूसरे फ्यूचर पालिसी। मैं आनरेबल गुलाब सिंह जी से यह पूछना चाहता हूं कि जो कुछ पीछे हो चुका वह तो ठीक है लेकिनवह मुझे बताये कि इसमे फ्यूचर पालिसी का कौन सा चैप्टर हैं यह किताबचा तो उसी लैवल का एक किताबचा है जिस लैवल का किताबचा पब्लिक रिले ान्ज वाले छापते रहते है जो अंग्रेजी के वक्त मे छापते रहते थें इसमे, पालिसी मैंटर की कौन सी बात हैं इसमे तीन ओमी ांज जो इसमे होनी चाहिये थी, वह इसमे नही है। उन ओमी ान्ज का जिक्र मै इस समय करना चाहता हूं । हमने 5–6 एड्रैस गवर्नमैंट के लिखे हुए यहां पर देखें है हम यह चाहते है कि गवर्नमैंट अपनी पालिसी वाजह करे कि हरियाणा की कैपिटल के बारे मे गवर्नमैंट की क्या

पालिसी है। उस के बारे मे इस एड्रैस मे एक लफ्ज नही । इतना इम्पोर्टेंट इ ू है कि इस स्टेट की कैपिटल कहां होगी, अपनी बनानी है, या नही लेकिन उसका इसमे कोई जिक्र नही। इस चंडीगढ़ का फ्यूचर क्या होगा, न उसका हमें जवाब ही मिला और न ही उसका इस एड्रैस मे कही जिक्र आया। (व्यवधान) हर सूरत मे 6 साल बात तो आप पूरी कर ले लेकिन मैं तो यह अर्ज करना चाहता हूं कि जनता को धोखे मे न रखा जाये कि गवर्नमैंट की कैपिटल के बारे मे क्या पालिसी है। नंबर दो है चंडीगढ़ के बारे मे सौदां मुझे यह मालूम हो रहा है मै आपकी इजाजत से मुख्य मंत्री गुप्ता जी को यह कह दूं क्योंकि मै उन लोगों मे से हूं जो भाुरू से हरियाणा बनाने के लिये पार्लियामैंअ मे लड़ते थे। मुझे एक बात का डर है। चड़ीगढ़ यूनियन टैरीटरी है। यूनियन टैरीटरी को गवर्नमैंट किसी समय पंजाब की टैरीटरीज है और पंजाब की टैरीटरीज को पार्लियामैंट एक्ट के सिवाय हरियाणा को ट्रांसफर नही कर सकती और उसके लिये कांस्टीच्यू ान मे अमैंडमैंट करनी पड़ती है। इसके अलावा आधी से ज्यादा स्टेट्स से रैटीफिक ान करानी पड़ेगी जोकि एक बड़ा ही डिफीकल्ट प्रोसीजन है। लेकिन आपको पता है अभी तक इस गवर्नमैंट की लापरवाही की वजह से या अपोजी ान की लापरवाही की वजह से इस मामले मे कुछ नही हुआ। हम तो आपको पता है सवाल ही उठा सकते थे। हम रोज उनके नोटिस मे यह बात लाते रहे। हमने एक बहुत अच्छी अपौरचुनिटी खो दी। प्राइम मिनिस्टर का अवार्ड है । वह अब किस पर बाइडिंग है जब कि इंदिरा ही यहां पर प्राइम मिनिस्टर

नही रही । जो नई सरकार आयी है, इसकी अपनी पोलिसी होगी। In the absence of Indria how will they secure Abohar and Fazilka for us. अब यह कहते है कि गवर्नमैंट आपकी सैंटर मे है तो क्या आप हमें यह वि वास दिलाते हो कि यह कह दोगे, यह हमारे से पूछते है। हम इनसे अब यह पूछते है कि आपकी सरकार पिछले 5 साल सैंटर मे रही है तब आप कुछ नही कर पाये अब हम से क्यों पूछते हो ?

दूसरी बात मैं पालिसी आफ रिक्रूटमैंट इन गवर्नमैंट सर्विस के बारे मे कुछ कहना चाहूंगा। स्पीकर साहब, सब आदमी जो भी सरकारी मुलाजमत मे है, वे मेरे लिये काबिले इज्जत है। स्पीकर महोदय, जब हरियाणा बना तो हरियाणा के निवासियों का सबसे पहला ग्राउज यह था कि हरियाणा के आदमी सरकारी मुलाजमत मे नही है। जो सन आफ दी सायल है, जो हरियाणा से इमो ानली इंवाल्वड है, वह हरियाणा की मुलाजमत मे नही है। जो टा कैडर है आई.ए.एस. का वह तो कम्पीटीटिव ऐग्जामिने ान से आता है इस रिक्रूटमैंट की पालिसी के बारे मे श्री गुलाब सिंह जैन जी ने बहुत अच्छे लफ्जों मे जिक्र किया था 50 प्रति ात तक रिजर्वे ान तो हम कर सकते है। लेकिन इस 50 प्रति ान मे वह मार्जिनल फारमर्ज होने चाहिये जिनको हम बैकवर्ड क्लासिज मे गिना जाये। गवर्नमैंट चाहे तो इस बारे मे अपनी पालिसी डिक्लेयर कर सकती है। कैपिटल और रिक्रूटमैंट पालिसी के बाद जो इस एड्रैस मे ओमि ान है, वह भी एक इम्पोर्टेन्ट ओमि ान है। This address does not take account of a happeing namely the

elections to Parliament and its consequence ont he present administration. मैं बड़े अदब से यह कहना चाहता हूं, हीट जनरेट करने की कोई बात हनी है कि पार्लियामैंट का इलैक ान जो हुआ, यह कोई पार्लियामैंट का ही इलैक ान नही है पार्लियामैंट मियाद 6 साल तक थी। अगर नौर्मल हालात मे इलैक ान होते तो भी 6 साल के बाद होने थे। पार्लियामैंअ के इलैक ान तकरीबन 11 महीने पहले हो गये। मैं इस बारे मे कभी अपौलोजैटिक नही हूं कि मैं प्राईम मिनिस्टर इंदिरा गांध का बड़ा एडमायरर हूं। अगर उस इन्दिरा को, जो एक डैमोक्रेट बाप की एक डैमोक्रेट बेटी थी, को यह कोकस मिस गाईड नही करता तो आज हिन्दुस्तान की हालत ही डिफैरैंट होती । मुझे दुख हुआ कि यह तो इलैक ान हुए यह इलैक ान नही थे यह तो कांस्टीच्यू ानल अमैडमैंट जो हुई थी, उसपर रैफरैंडैम था। इस इलैक ान का इस एड्रैस मे कोई नोट नही लिया गया अगर हमारे गवर्नर साहब उस का नोट लेते तो वह यह कह सकते थे— I will not read your Address. Why? It is not the idealogy of the Congress which stands rejected becouse so far as idealogies are concered all the three parties have the same manifesto. What the people have rejected is not Indira's leadership but the State adminitration of which they were tired of. They have rejected and punished those who were there. इसलिये इस हालत मे यह कहना कि यह पार्लियामैंट का इलैक ान था, इसका स्टेटस से कोई संबंध नही है, ठीक नही है। इसका स्टेटस से संबंध था। इन्दिरा गांधी कभी नही हारती अगर उसको ठीक इंफर्मे ान ये

लोग पहूंचने देते। ये लोग तो उसके कानों तक सही खबरे पहुंचने ही नही देते थे। ये लोग उसको बेचारी को सही चीज अपनी आखों से देखने भी नही देते थे। ये लोग उसको बेचारी को सही चीज अपनी आंखो से देखने भी नही देते थे। अगर ये लोग उसे मिस गाइड न करते तो वे न हारती। वे लो गजिन लोगो ने उनके कानो तक सही खबर नही पहूंचने दी, उन लोगो के बारे मे जनता ने यह कहा कि we are tired of you. इस रैफरैंडैम मे इन्होने उनको रिजैक्ट कर दिया। इसलिये स्पीकर साहब, इस इ ा पर हीट जनरेट करने की कोई जरूरत नही। मैं नही कहता कि आप चौधरी रिजक राम की बात सुनो, मै यह नही कहता कि आप चौधरी भजनलाल की बात सुनो, मै यह नी कहता कि आप चौधरी देवी लाल की बात सुनो, मैं यह कहता हू कि आप दिने ा सिंह की ही बात सुन लेा जिसने कहा कि जिन स्टेटस मे कांग्रेस की हार हुई है, वहां की सरकारों को चला जाना चाहिये। जिन स्टेटस मे एडमिनिस्ट्रे ान पब्लिक रिजैक्ट कर चुकी है, उन सरकारो को त्यागपत्र दे देना चाहिये।

आप लोग गिरी की बात न सुनें लेकिन सबका फायदा इसी मे है कि पब्लिक ने इस सरकार को रिजेक्ट किया है उस पर ध्यान दिया जाये। गवर्नर एड्रैस मे इस बात का कोई जिक्र नही है कि इस चीज की जिम्मेदारी किस पर है। यह नी बताया गया कि स्टेट की क्या जिम्मेदारी है। स्पीकर साहब, मैं बिना संकोच के साथ कह सकता हूं और मुझे फक्र है कि पिछले पांच साल मे

हमारी स्टेट की बहुत अचीवमैंटस है। हमारे रूरल सैक्टर मे जो इरीगे ान है उस पर काफी पैसा खर्च किया गया और सैक्टर मे जो कुछ भी तरक्की हुई है उसका सारा क्रैडिट चौधरी भजन लाल को जाता है। इस महकमे की फांउटे ान बहुत मजबूत है इस ति को कहने मे मुझे जरा भी संकोच नही है। इरीगे ान के लिये बिजली देने के बारे मे गुप्ता जी की पालिसी रही है कि सीमेंट मिले या न मिले कोई और चीज मिले या न हमले लेकिन बिजली जरूर मिलेगी। लेकिन अच्छे एडमिनिस्ट्रै ान के साथ जनता अपने पालिटीक्ल और सो ाल राइटस जो हमने दो सो साल तक अंग्रेजों के साथ लड़ने के बाद हासिल किये थे जनता उनकी प्रोटेक ान चाहती है। यह गवर्नमैंट उनकी सिविल राइटस, सिविल लिबरीटी के देने मे नाकामयाब रही है। गवर्नमैंट को इसका नोट लेना चाहिये।

पब्लिक हैल्थ के बारे मे मैं ज्यादा नही कहना चाहता। फैमिली प्लानिंग के बारे मे मुझे यह सुनकर दुख होता है कि गवर्नमैंट यह कहे कि हमारे नोटिस मे नही आया । इस तरह की बात कहना लैफ्ट हैंडिड कम्पलीमैंट है सी.आईडी. हरियाणा के ऊपर । हरियाणा की सी.आई.डी. को यहां तक मालूम नही है कि चौधरी भजन लाल के घर मे क्या सब्जी बनी है और उसको यह भी मालूम है कि चिरंजी लाल घर मे है या घर के बाहर है। ये सारी चीजे न सिर्फ हरियाणा की गवर्नमैंट को मालूम है बल्कि दिल्ली भी ये सारी चीजे जाती है जिसका इन सब चीजो का

ताल्लुक ही नही है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि यहां की सी.आई. डी. इतनी फैल्योर थी कि वह मिनिस्ट्री को न बता सकी कि देहात मे क्या हो रहा है। स्पीकर साहब, मै आनरेबल मुख्य मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि इस तरह की बात कहकर कि हमारे नोटिस मे यह बात नही थी इन पढ़े लिखे नौजवानो का मजाक न करे। मैं कहता हूं कि इनके नोटिस मे हर चीज आती है और न सिर्फ इनके नोटिस मे बल्कि दिल्ली तक ये सब चीजे जाती है। जो कुछ फैमिली प्लानिंग मे हुआ उसके बारे मे मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि इन गलतियों को सुधारने का एक ही तरीका है कि जो केसिज लोगो के खिलाफ है उनको विदड्रा करे। जब जार्ज फर्नाडिज के खिलाफ के स वापिस हो सकता है तो ये केस भी वापिस हो सकता है। मुझे खु ाी है कि मद्रास के एक जज ने कहा हे कि अगर जार्ज फर्नाडिज के खिलाफ झूठा होने के नाते उसको विदड्रा किया जा रहा है तो इंदिरा गांधी और ओम मेहता के खिलाफ केस रजिस्टर होना चाहिये.

श्री अध्यक्षः आर्डर प्लीज, जार्ज फर्नाडिज के केस का हरियाणा के गवर्नर के एड्रैस के साथ कोई वास्ता नही है। इसका कोई ताल्लुक नही है।

चौधरी प्रताप सिंह दौलताः स्पीकर साहब, मै केस के विदड्रा के बारे मे बता रहा हूं।

श्री अध्यक्षः आर्डर प्लीज, मैंने इस हद तक जाने की इजाजत दी हैं इसके बारे मे रूल यह कहताह ` कि जो एड्रैस के अन्दर है वही डिस्कस हो सकता है। अमैंडमैंट किसी आनरेबल मैंबर ने दी नही है। अगर कोई अमैंडमैंट भी देता तो वह अमैंडमैंट भी डिस्कस हो सकती थी लेकिन इससे बाहर का मैटर डिस्कस करने की इजाजत मैं नही दूगां।

चौधरी प्रताप सिंह दौलताः स्पीकर साहब, मैं उसे छोड़ता हूं जो प्राईसिज का पैराग्राफ पांच है उसके बारे मे मैं कह देता हूं लेकिन मेरी यह सजैक ान है कि जार्ज फर्नाडिज का केस विदड्रा हो सकता है तो यह भी केसिज वापिस हो सकते है।

स्पीकर साहब, प्राईसिज के बारे मे पैराग्राफ पांच मे लिखा है कि प्राईसिज कंट्राल मे रही है। स्पीकर साहब, मैं बताना चाहता हूं कि प्राईस इंडेक्स फिर ऊपर जा रहा है। स्पीकर साहब, प्राईस का तो यह हाल है कि जब जमीदार के घर मे चीज रहती है जब तक तो मंदा रहता है और उसके घर से निकलते ही चीजों के भाव चढ़ने भाुरू हो जाते है। गुड़ जब तक जमीरार के घर मे रहा उस वक्त तो मंदा रहा ाऔर उसक `घर से निकलते ही गुड़ का भाव ऊपर उठ गया। प्राईसिज की पालिसी गवर्नमैंट की बिल्कुल फेलुयर रही है। जमीदार के घर मे जब तक फसल रहती है। तो कीमते कम रहती है और उसके घर से निकलते ही कीमते चढ़ जाती है। इस मामले मे मैं गवर्नमैंट को कम्पलीमेंट पे नही करता। इसके बाद लैंड सीलिंग की बात आई है। स्पीकर साहब,

काफी सीलिंग हो गई है अब तो बंद करो। पैराग्राफ छह मे पटवारी से जमीन के डिटेल लेने जाता है तो उसको सौ रूपया खर्च करना पड़ता है। कोइ वकील अदालत मे पे ा नही हो सकता। यह हर तीसरे दिन उससे डिटेल मांगना उस जमींदार का कचूमर निकालना है। यह सीलिंग वाली बात अब खत्म होनी चाहिये। मैं सी.एम. साहब को याद दिलाना चाहता हूं कि हरियाणा मे एक लैंड रिकार्ड कमेटी बनी थी । उस लैंड रिकार्ड कमेटी ने रिपोर्ट की थी। उस कमेटी की ड्राफटिंग मे मैं भी ऐसोसिएटिड था। उसमे कहा गया था–

Time has come when absentee landlordship should go. One who tills the land should own it and one who owns it should till it.

और लैंड सीलिंग की डेफीने ान रि तेदार यानी कजन तक डिफाइन करने के बाद बाकी गिरदावरी का कालम जो टैनेन्सी आफ लैंड लाज के तमाम डिस्पूयट होते है, खत्म करना चाहिये मैं और राव निहाल सिंह जी वगैरह हम लोग केरल गये थे, वहां पर यह गिरदावरी का कालम खत्म कर दिया है, करनाटक मे भी यह कालम खत्म कर दिया है। यहां पर यह कालम रखा हुआ है इससे रेवेन्यू डिपार्टमैंट के लोअर लैवल के पर्सोनल को फायदा पहुंचाने के लिये रखा है। मेरी मुख्य मंत्री महोदय से दरखास्त है कि वे इस गिरदावरी के कालम को ऐबोलि ा करें तो अच्छा होगा।

स्पीकर साहब, अब मैं फ्लड के बारे में कहना चाहता हू। फ्लड डिपार्टमैंट बहुत बड़ा करप् ान का सोर्स बन गया है। ये लोग फ्लड रोकने के लिए कुछ इस तरह का इन्तजाम करते है कि अगले साल जो कुछ बनाया होता है वह टूट जाएं। हर जगह पानी ही पानी हो जाता है। सारा एडमिनिस्ट्रे ान पैरेलाइज हो जाता है। यह डिपार्टमैंट मुंह मांगा बजट मन्जूर करवा लेता है। फ्लड रोजगार का पैसा कमाने का एक सिलसिला बना हुआ है इस सिलसिले को बन्द किया जाए और फ्लड का कोंई ऐसा परमानेन्ट इन्तजाम किया जाये जिससे लोगों को फायदा हो।

कालम 13 में इरीगे ान के बारे कहा गया है। इसमें बताया गया है कि रावी–व्यास का कितना पानी हरियाणा को मिलेगा और कितना पंजाब को मिलेगा। मैं निहयत जिम्मेदारी के साि इस तरफ बैठे हुये भाइयों की तरफ से कहता हूं कि आकालियों के साथ किसी किस्म का समझौता हरियाणा के पानी का सरन्डर करने का नहीं किया और किसी किस्म की अन्डरटेकिंग जनात पार्टी या सी.एफ.डी. ने अकालियों को नहीं दी कि इलैक् ान के बाद यह मामला फिर रिवाइव होगा। स्पीकर साहब, रिवाइव करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। स्पीकर साहब कैबिनेट लैवल पर यह फैसला हुआ है। यह कोई चन्डीगढ़ या फाजिल्का के बारे में फैसला नहीं है । यह बाबू जगजीवन राम का फैसला है। इसको रिवाइव करने की किसी की मजाल नहीं हे ओर हम इतने कमजोर नहीं है कि जहां से दस–दस मैम्बर भेजे गये

हो वहां के बारे में एक बार किया हुआ फैसला रिवाइव हो। स्पीकर साहब, हरियाणा और पंजाब का पानी का केस ऐसे प्रेजेन्ट किया जा रहा है जैसे एक तरफ देवी लाल अपने कंधे पर कुल्हाड़ा लेकर खडा हो और दूसरी तरफ प्रका ा सिंह बादल खडा हो स्पीकर साहब, इस किस्म की कोई बात नहीं है। यह अलग बात है कि अकाली लीडर तलवन्डी ने कोई बयान दे यिा हो और वह बयान 21 तारीख के पेपर में छप गया हो और आप उसको एक्सपलायट कर रहे है। लेकिन इस तरह की कोई बात नहीं है। That is no ground to make such a serious allegation as the Leader of the House, the Chief Minister, made a serious allegation against the opposition. उनको हक था अपने वोट लेने के लिये कुछ भी कहते फिरें और आपको क था कि आप जनता पार्टी के खिलाफ ऐक्सप्लायट करें, पर हाउस में इतनी सीरियस स्टेटमैंट न देते। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस हाउस में कितने गैर जिम्मेदाराना एलीगे ान लगाये गये है। स्पीकर साहब, इससे आगे इरीगे ान के बाद आपका ज्यादा समय न लेते हुये ला एन्ड आर्डर और एमरजेन्सी के बारे में थोड़ा सा कहना चाहता हूं। ला एण्ड आर्डर के बारे में मेरी अर्ज यह है कि ला एण्ड आर्डर में लेजसलेचर भी आती है, चूंकि मेरी पर्सनल राय है, टिकट देने का तो मेरा काम नहीं हैं मैं समझता हूं कि मेरा Chief Minister is a gentle Chief Minister मेरी कोई नयी ओपीनीयन नहीं है, मैं उन से रिवैस्ट करूंगा कि इस लेजिसलेचर का स्टेटस बढ़ायें । मेरे एक आनरेबल मेम्बर साथी ने जिनको

यहां बोलने की इजाजत नहीं है, उन्होने अपना ट्रिब्यून में बयान दिया है जोकि मुझे बहुत पसन्द आया जैसा कि मिसाल के तौर पर हमने ऐंजीटे ान करनी है, गुप्ता जी हम नहीं छिपाते। अगर हाउस सै ान में होता था तो जो इम्पोर्टटेन्ट ब्यान होता था वह पहले हाउस में आता था। स्पीकर साहब, हमारे हाउस की इतनी इम्पोर्टन्स होती थी। अगर पार्लियामेंट सै ान में हो और प्राइमिनिस्टर अगर कोई इम्पार्टटेन्ट ब्यान बाहर देता है तो गले पड़ जाते थे कि हाउस को पहले कन्फीडेन्स में क्यों नही लिया और यही अपोजी ान की जिम्मेवारी है। अगर अपोजी ान ने भी कोई खास पालिसी डिकलेयर करनी हो तो भी यह है कि जब सै ान हो तो वह हाउस में करे। स्पीकर साहब, हम डिफेक ान के हम में नहीं है लेकिन जहां जनता ने जिस सरकार को 70 प्रति ात वाटों से रिजेक्ट कर दिया हो और साढ़े 17 परसैन्ट वोट सिर्फ उनको दिये हो वह यह कहें कि यह रेफरेन्डम नहीं है, हमें जनता के पास जाने का हक है और जनता हमको कहे हम उस रास्ते पर जाने को तैयार है यह मेरा एलना है। हम देखेंगेंं कि जनता के फैसले की तोहीन कैसे की जायेगी और गर्वनर ने इस ऐड्रैस को पढ़ने की जुर्रत कैसे की है, यह मेरा यहां से एलान है। आपका एलान है कि अगले इलैक ान तक हम ठाठ, से राज करेगें। मेरी दिली ख्वाइ ा है कि हमारा चीफ मिनिस्टर की तो ठाठ से हकूमत करता लेकिन यहां तो हकूमत ऐसे आदमी की रही है जिसका इस हाउस से कोई सरोकार ही नहीं है। ठाठ से कभी भी नहीं हुई और अब क्या होनी है खैर जनात ने आपको ठाठ से

हकमत करने का मौका दिया है। आपका हक ह ै कि आप यह बात कहें। हमारा हक है जो हम हाउस में कह रहे है कि अगर जनता की ओपनीनियन की रिसपैक्ट न की गई तो जो जनता चाहेगी हम अपोजी ान वाले उसके साथ होगें। इससे आगे स्पीकर साहब, मैं एक बात और आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि जैसे मेरे एक साथी चौधरी हरजक राम ने कहा था और जिसकों मेंरे एक और मैम्बर गलती से कुछ और ही समझ बैठे कि एम0एल0ए0 का स्टेट्स डी0सी0 से माड़ा है उनका कहने का मतलब यह था कि जो मैंने सबसे पहले 1972 में यहां कहा था इसके लिये गुप्ता जी जिम्मेवार नहीं है। न ही मेरे दोस्त दूसरे जो बैठे है, वे जिम्मेवार है यह तो हिस्टरी है सरदार प्रताप सिंह के वक्त से ही लेजिस्लेच्र को अन्डर माइन करने की, थोड़े से दिनों में से ान करके भाग जाने की ताकि मैंम्बर तंग न करें। एक्जेक्टिव की यह टेडेन्सी रही है कि हाउस कम से कम मीट करे, यह मैंम्बर के प्रिवलिज की एनकोचमेन्ट है, एक एक दिन में दो दो सिटिंगज हों जल्दी से खत्म हो ओर हम रास्ता पकड़े और एक्जेकटिव अपने दफतरों में जा बैठे, मेरी अर्ज यह है कि लैजिस्लेचर का स्टेटस हमें इम्प्रूव करना चाहियें क्योंकि जनता ने हमारी आसानी कर दी है और वह जो एक्सट्रा कांस्टीच्यु ानल पावर थी, वह बेचारी अब संभल कर एक तरफ बैठेगी। हम आराम से बैंठे और सै ान लम्बा हो आगर आपने एक साल और रहना है Democracy is a Government run through discussions. अगर डिसक ान हाउस में न हो तो डेमोकेसी क्या है फिर तो वह एक

रबड़ की मोहर है कि जो हमारी एक्जेक्टिव फैसला कर दे हम उस पर मोहर लगा दें ओर छुट्टी करके भाग जायें। तो मेरी यह अर्ज है कि लेजस्लेचर का सै ान लम्बे से लम्बा होना चाहिये ओर सिर्फ छः महीने की जो कांस्टीच्यु ानल प्रोवीजन है, को पूरा करने के लिये हमें मजबूरी से सै ान नहीं बुलाना चाहिये ओर जल्दी जल्दी दो दो तीन तीन महीनों के अन्दर सै ान बुलाना चाहिये। अपनी इम्पोर्टटैन्ट बात ये कह दें और अपनी इम्पोर्टेन्ट बात हम कह दें। मिनिस्टर्ज और एम.एल.एज. के बारे में मेरी अर्ज यह है कि सबका रूतबा चाहता हूं बढ़े और Cabinet system was a failure. वह कम्पलीटली फेलुयर था। कैबनिट सिस्टम का मतलब है Chief Minister or Prime Minister is number one among equals. लेकिन 5 सालों में जो स्टेट्स मिनिस्टर्ज का रहा है जिन लोगों ने यह स्टेट्स रिडयूस किया हुआ है हम तो उस वक्त मैंम्बर नहीं थे अफसोस है कि ये मिनिस्टर्ज अपना स्टेटस कायम न रख सके और They were reduced to a position by a system which has been rejected by Northern India altogether. Time has come when centralisation of power in one hand and ignoring the Legislators and Cabinet Ministers and Chief Minister becoming a Subedar in a State and the Prime Minister, a Subedar in the Centre, should be given up. एल0एल0एज0 के बारे में चुनी हुई एकजेक्टिव से यह कहूंगा। मैंने एक बात कही थी। चुनी हुई एक्जेकटिव हमको जवाबदेह है। मैं आपसे अदब से कहता हूं कि आज आप किसी भी बाहर के आदमी को जवाबदेह नहीं है अगर किसी हाउस का चीफ मिनिस्टर यह

कहे कि साहब मैं तो इस आदमी से पावर ड्रा करता है तो यह गलत बात है। मेरा चीफ मिनिस्टर हम से पावर ड्रा करता है और वह हमसब के जिम्मेदार है और किसी दूसरे आदमी के लिये जिम्मेदार नहीं है। अगर अखबारों में यह खबर निकलती है कि हमारा चीफ मिनिस्टर तो मुनीम से ज्यादा 50 रूपये से ज्यादा न खर्च सके, तो भाोभादेय बात नहीं है, हमारा सबका स्टेटस हाउस का मैम्बर्ज का, कैबनिट का खत्म हो जाता है तो मैं अदब से कहूंगा, अपने चीफ मिनिस्टर साहब से यह कहूंगा कि जनता ने आपकी बड़ी मदद की हैं जनता आपके रिस्क्यु को आयी है और अब कम से कम अगर आपने यह 6 महीनों का समय या 8 महीने का समय निकालना है तो आराम से निकालो

Kindly act as our leader, as our Chief Minister and not subordinate to any person outside the House.

इससे आगे स्पीकर साहब, मैं सी.आई.डी. और पुलिस के महकमों के बारे में कुछ कहना चाहता हूं, इसके सिवायें और कुछ नहीं कहूंगा कि पुलिस के हाल पर हमें रहम करना चाहिये पूलिस थानों में लिस काम के लिये लगाई जाती है उन से वही काम लिया जाना चाहिये, चोर पकड़े, डाकू पकड़े मगर यह पुलिस का काम नहीं है कि कोई सेन्टर से बड़ा मिनिस्टर आ रहा है ओर फिर वे बेचारे ट्रकों वालों के पीछे पड़े और लोगों को इक्ट्ठा करे या रेवेन्यु वालों के साथ जा के या हैल्थ डिपार्टमेन्ट वालों के पास जाकर दिन में जनता की नसें काटें और जब रात को वापिस

आएं तो उनको भी पता लगे कि उनके लिये भी कैम्प लगा हुआ है। स्पीकर साहब, पुलिस जुल्म नहीं करती यह तो गरीब और छोटे आदमियों कामहकमा है जिन बेचारों को कहीं और जगह नहीं मिलती वे बेचारे इस कम्बख्त महकमें में भर्ती हो जाते है। हम तो पुलिस को उनके काम के लिये पे करते है मगर उन से काम लेते है जलसे जलूसों में हाजरी इक्ट्ठी करवाने का, नसें कटवाने का, मुलाजमों पर झुठे मुकदमें बनाने का और लोगों को यूं ही फंसाने का, इन कामों के लिये हम उनको पे नहीं करतें। पुलिस की यह एक्सपलायटे ान बन्द होनी चाहिये। We politicians have no business to exploit these poor persons. स्पीकर साहब, बातें तो और भी बहुतेरी करने वाली है और दूसरे मैम्बरों ने भी बोलना है और उनका हक भी है कि वे बोलें, कल का दिन सै ान है, मेरी मोनोपली तो नहीं है इन्ही अल्फाज के साथ स्पीकर साहब, अब वक्त आ गया है –

Mr. Speaker: It is very good that you have realised yourself.

Chaudhri Partap Singh Daulata: I have realised, Mr. Speaker, Sir.

So I will take my seat with a last request to the Chief Minister, through you, sir, that let there be a healthy tradition. Let him ask the Governor with this motion that this House be dissolved.

हम मैनोरिटी वाले हकूमत नहीं बना सकते। हम जिम्मेवारी से ब्यान दे रहे है कि हम कोई डिफेक ान नहीं करवाना चाहते यह बुरी चीज है। अगर किसी ने आना था तो वह इलैक ान से पहले आ जाता, आजादी के युद्ध में हिस्सा लियाहोता अब कोई आयेगा तो अपने रिसक पर आयेगा, अपनी जिम्मेवारी से आयेगा उसके साथ ही यह बात है कि हम अपोजी ान वाले अपनी जिम्मेवारी में फेल होगें जिन को कि 70 फीसदी वोट मिले है अगर 18 फीसदी वालों को हम यहां बैठने दें हमारा जो काम होगा डेमोक्रेटिक तरीके से, हम एजीटे ान तक जाएंगे लेकिन इस गवर्नमैंट को बरदा त नहीं करेगें।

श्री के0एन0गुलाटी(फरीदाबाद): स्पीकर साहब, गवर्नर साहब का ऐड्रैस बड़ी भाुद्ध भावना से और बड़ी नेकनियती से लिखा गया और पढ़ा गया । स्पीकर साहब, मुझे अपने अपोजी ान के भाईयों की कुछ बातों को सुन कर बड़ा दुख हुआ। वे बजाये इसके कि जायज नुक्ताचीनी करें और हरियाणा की जितनी तरक्की हुई है उसका भी कुछ वर्णन करें, गलत बातें कहते रहे। अभी से इनको इतना घंमड हो गया है। दस दिन की आरजी जीत हुई है और पता नहीं 6 महीने के बाद क्या होगा। ये तो दस दिन के बाद ही खाने को पड़ रहे है। अभी अभी मेरे एक भाई ने जिक किया कि कांग्रेस(ओ) दूसरी सी0एफ0डी0 तीसरी जनसंघ, चौथी सो ालिस्ट, पांचवी बी0एल0डी0 और छठी अकाली। तो 70 प्रति ात वोटों को अगर इन छः में बांटा जाएं तो पौने बारह

प्रति ात वोट एक पार्टी के बनते है जबकि कांग्रेस के 17 प्रति ात है। हम जीते है या ये जीते है? मैं इनको यह भी बता देना चाहता हूं कि ये तो पार्लियामैंट के इलैक ान थे और अब स्टेट असैम्बलीज के इलैक ान भी आ रहे है। तो इन इलैक ानों में इन 6 पार्टियों को 17 प्रति ात वोट मिलेगें और कांग्रेस को 70 प्रति ात मिलेगें। इसके बाद स्पीकर साहब, एक साथी ने अग्रेंजी राज ओर इस वक्त की जेल की तुलना की। इनको पता होना चाहिये कि अंग्रेजी राज में कितने जुल्म थे। उस वक्त मैंने लाठियां खाई, गुप्ता जी के पैरों में बेड़ियां पड़ी और प्यारा सिंह ने भी जेल काटी। एक ही कमरे में इतने लोगों को रखा जाता था और वहीं पर टट्टी पे ााब होता था। आज हमारी जेलों में बिजली के पंखे लगे हुये है, फल ा सिस्टम लगा हुआ है, अखबार पढ़ने को मिलते है और टैलीविजन और रेडियों की सहूलियत है। लाखों रूपये इन पर खर्च किये गये फिर कहते है कि इससे तो अंग्रेजो का राज अच्छा था। दे ा को आजाद तो हमने करवाया और बोलते है जनसंघ वाले। स्पीकर साहब, एक साथी ने कहा कि एम0एल0ए0 और मिनिस्टर, डी0सी0 से कम है। कितना गलत बोलते है। एक चुने नुमांयदें को गलत नहीं बोलना चाहिये। मैं भी फरीदाबाद से चुन कर आया हूं। जब कभी भी चीफ मिनिस्टर या कैबिनेट मिनिस्टर वहां आए है तो डी0सी0 हाजिर रहा है, एस0पी0 हाजिर रहा है, एस0डी0एम0 हाजिर रहा है और डी0एस0पी0 हाजिर रहा है। पता नहीं ये किस टाइम की बात कर रहे है। ऐसी बातें करके ये सारे हाउस को गुमराह कर रहे है। फिर प्रधानमंत्री

के बारे जोकि अब चली गई है ऐसे अनपार्लियामैंटरी भाब्द बोलते है जिनको की कार्यवाही से काट देना चाहिये। स्पीकर साहब, भाई गौरी भांकर जी बोले मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि फरीदाबाद में उनकी इंडस्ट्री है और इंडस्ट्री किस तरह से आगे बढ़ी है? कितनी गलतियां उन्होने की है, जब कांग्रेस में थे तब तो बोलते नहीं थे (इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी मनफूल सिंह पदासीन हुए) इसी तरह से चेयरमैन साहब, ये जितने भी मैम्बर उपोजी ान में बैठे है इनमें दो को छोड़ कर सब कांग्रेस में रहे है। एम0एल0ए0 भी रहे है और मिनिस्टर भी रहे है। उस वक्त की तो कोई बात नहीं कहते और आज कि्टिसिजम करते है क्योंकि इस दिन से जनता पार्टी की जीत हुई है। तो चेयरमैन साहब, मैं यह कहूंगा कि यह हाउस बड़ा सुप्रीम हाउस है, पब्लिक हमें यहां चुन कर भेजती है। हर एम0एल0ए0 को मीठी आवाज से और नम्रता से अपने ख्यालात रखनेचाहिये। जायज नुक्ताचीनी करो, जो अच्छी बातें है उनको बताओ और कानून का एतराम करो। कानून बन गया है कि पार्लियामैंट और असैम्बलीज की लाइफ छः साल हो गई है लेकिन फिर भी अगर इनको दर्द हे तो ये 10 अपनी सीटें छोड कर कर चले जाएं, हम तो 58 है। कानून के हिसाब से हमारी लाइफ छः साल है और हम पूरी टर्म गुजार कर जाएंगे। तो चेयरमैन साहब इन भाब्दों के साथ मैं गवर्नर ऐड्रस की तारीफ करता हूं और निवेदन करता हूं कि यह मो ान आफ ैकिस यूनानिमसली पास किया जाये।

चौधीर हर स्वरूप बूरा (महम): मान योग्य चेयरमैन साहब, हमारे सामने यह जो राज्यपाल महोदय का अभिभाशण है उसके उपर जो चर्चा हो रही है उसमें मैं अपने आपको भारीक करते हुये दो चार बातें कहना चाहता हूं । अभिभाशण के अन्दर अनु ाासन के बारें में खास तौर से एक बात कही गई है। मैं यह समझता हूं मैं ही नहीं बल्कि सभी यह चाहते है कि किसी समाज के अन्दर अनु ाासन बहुत जरूरी चीज है । लेकिन जिस ढंब से इस अभिभाशण के अन्दर अनु ाासन का वर्णन किया गया हे वह असलियत में अनु ाासन नहीं था। मुल्क के अन्दर पिछले 19 महीनों में जो कुछ हुआ है अगर उसको अनु ाासन का नाम देना है तो वह अनु ाासन नहीं है बल्कि मुल्क को भाम ाान बना कर रख दिया था। इसके बारे में मैं ज्यादा न कहते हुए इतना ही कहूंगा कि –

सितम का हद से बढ़ जाना, तबाही की नि ाानी है,

बदलते है सबके दिन, पुरानी यह कहानी है।

इसके बाद मैं भूमि सुधार के बारे में अर्ज करना चाहता हूं। अभिभाशण के अन्दर इसकी बड़े जोरों से चर्चा की गई है लेकिन असलियत को वहां भी छिपा कर रखा गया है। भूमि सुधार कहने से ही भूमि सुधार नहीं होता। जब सेराज्य के अन्दर कंसोलीडे ान चला है तब से जैसे लकड़ी को घुन लग जाता है उसी तरह से किसान के लिये कंसोलीडे ान घुन का काम कर

रहा है। मैं आपके द्वारा सरकार से यह दर्खास्त करता हूं कि यह कंसोलीडे ान का मामला बहुत भीघ्र ठीक होना चाहिये और इसको ओर लम्बा नहीं होने देना चाहिये। इसके बाद चेयरमैन साहब, मैं थोड़ा सा एजुके ान पर भी बोलना चाहता हूं। जहां तक रोहतक यूनिवर्सिटी का सवाल है मैं रिकूटमेंट के संबंध में आपके द्वारा सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरे विचार संकीर्ण नहीं, मैं चाहता हूं कि वहां भारत के व्यक्तियों की और हरियाणा के व्यक्तियों की रिकूटमेंट हो लेकिन जब एक रीजनल यूनिवर्सिटी से योग्य व्यक्ति मिलते हों तो उनको प्राथमिकता दी जानी चाहिये। दूसरी बात मैं स्टाफ के क्वार्टर्ज के बारे में कहना चाहता हूं। जब टीचर्ज की ट्रांस्फर होती है तो उनको निवास की बड़ी दिक्कत पैदा होती है इसलियें हर स्कूल के साथ यदि स्टाफ क्वार्टर्ज बन जाएं तो उन लोगों की यह दिक्कत दूर हो सकती है।

तीसरी बात रिडक ान की है। डी0ए0 कट करने की बात हरियाणा में खासतौर पर होती हैं बहुत पहले से आज तक अध्यापको का डी0ए0 कट चला आ रहा है, लेकिन इस पर सरकार ने अभी तक गौर नहीं किया है। मैं आपके द्वारा सरकार से निवेदन करूंगा कि इस डी0ए0 को बहाल किया जाये।

चौथी बात मैं विक्टेमाइजे ान के बारे में कहना चाहता हूं। एजूके ान डिपार्टमैंट में पिछले पांच छः सालों से विक्टेमाईजे ान बड़ी जोरों से हो रही है। मैं , चेयरमैंन साहब,

आपके द्वारा सरकार से दुर्खास्त करूंगा कि इस पर गौर फरमाया जाये।

टूरीजम का जहां तक ताल्लूक है, हरियाणा में टुरीजम पर कितना काम हूआ है, यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं, सरकार को एक सुझाव देना चाहता हूं कि हमारे समाज के अन्दर हरिजन बस्तियां इतनी गन्दी है जो कि समाज के माथे पर एक कंलक है । टूरीजम का महत्व तभी होगा जब हरिजन बस्तियों से यह गन्दगी खत्म हो, हर गली में टयूबलाइट हो, हर प्रकार की सुविधा हो जो दूसरो को उपलब्ध है। अगर हरिजन बस्तियों से बदबू आती है और सरकार हरियाणा के अन्दर टूरीजम खोलती जाए तो मैं समझता हूं कि यह हमारे लिये फख्र की बात नहीं है लानत की बात है। सब से पहले इन बस्तियों को सुधारा जाना चाहिये तथी टूरीजम का महत्व है।

अगली बात मैं परिवार नियोजन के बारे में कहूंगा। वैसे तो फैमिली प्लानिंग की बात करके लोगों की भावनाओं को दोबारा उकसाना नहीं चाहता लेकिन एक बात कहूंगा कि परिवार नियोजन होना चाहिए। फैमिली प्लानिंग होनी चाहिये लेकिन नसबन्दी नहीं होनी चाहिये। इस बारे में मैं खुले विचार रखता हूं और जाति तौर पर कह रहा हूं कि परिवार नियोजन इस बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हूये दे ा के लिए बहुत जरूरी है लेकिन नसबन्दी ही इसका इलाज नहीं है। यह जरूरी नहीं है कि नसबन्दी से ही परिवार नियोजन हो सकता है, और भी उपाय है। मैं अपने

साथियों की तरफ से वि वास दिलाता हूं कि नसबन्दी की बजायें दूसरे मैथड अपनाएं जायें, तभी इसमें कामयाबी हो सकती है। मैं समझता हूं कि परिवार नियोजन सारा मुल्क चाहता है, लेकिन नसबन्दी न हो, दूसरे मैथड अपनाये जाये।

चेयरमैन साहब, कानून के बारे मे अभिभाशण में जिक्र है। मैं चाहता तो नही था कि इस पर बोलूं, लेकिन तबीयत करती है कहने के लिए। हरियाणा में कानून नाम की कोई चीज नहीं थी एमरजैंसी के दौरान। मैं डायरेक्टर आफ कंसोलिडे ान की कोर्ट से पकड़ लिया गया, मैंने कोई जुल्म नहीं किया था, न ही कोई भाशण ही किया था। मैं डायरेक्टर आफ कंसोलिडे ान की कोर्ट में केस पलीड कर रहा था, वहां से मुझे अरैस्ट किया गया। दोबारा जब मुझे रिलीज किया, ज्यों ही मैं बाहर निकला तो मुझे दफा 107, 151 के तहत बस में बैठाकर जेल में ले गए ओर डी0आई0आर0 लगा दी। मेरे जैसे आदमी को इस तरह से परे ाान किया जाता है। हरियाणा के अन्दर तो कानून नाम की कोई चीज ही नहीं है। चेयरमैन साहब, यहां पर गरीबों के नाम की बड़ी चर्चा होती है। मैं सरकार से दर्खास्त करूंगा कि जो लोग, सड़कों पर सुबह से भााम तक रोड़िया कूट–कूट कर हाथ तोड़ते है, उनकी मजदूरी 4रूपये 30 पैसे है। चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा सरकार को सुझाव देना चाहता हूं, सबमि ान भी करता हूं कि उनकी मजदूरी कम से कम 6 रूपये करदी जाये। इन भाब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

श्री अमर सिंह(बवानीखेड़ा ऐस0सी): माननीय चेयरमैन साहब, सदन में राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाशण दिया है और उस पर श्री गुलाब सिंह जैन की तरफ से जो प्रस्ताव पे ा किया गया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरे से पहले बोलने वाले साथियों ने अभिभाशण परकोई हिस्सा नहीं लिया, बल्कि जो नुक्ताचीनी की है, वह अभिभाशण से बाहर जा कर की है जिसका मुझे खेद है। हाउस के आनरेबल मेम्बर चौधरी रिजकराम जी, जब रिसोसिर्ज कमेटी के चैयरमैन थे और इसी बैंच पर बैठते थे तो हरियाणा का विकास ऊंचे स्तर का था और आज हरियाणा में विकास नहीं। ये हरियाणा के विकास के नाम पर चार चांद लगाते रहे, लेकिन आज इनकी जबान से ये भाब्द सुनकर मुझे खेद होता हैं। इसी तरह से हमारे साथी चौधरी भजनलाल जी है जो इन बैंचों पर इसी सदन में बैठते थे। वे आनरेबल मिनिस्टर रहे है, हाउस के आनरेबल मैम्बर भी रहें। जब ये कांग्रेस के इन बैंचों पर बैठते थे तो कहा करते थे कि सब कुछ ठीक है। आज ताज्जुब की बात है इन्होने अभिभाशण को चैलेंज किया कि गवर्नर महोदय को इस हाउस में एड्रैस पे ा करने का अधिकार नहीं था क्योंकि हाउस की लिमिट 5 साल की थी। जब रैटिफिके ान के लिए कांस्टीच्यु ान अमेंडमेंट हाउस के सामने आई तो चेयरमैन साहब, आपको अच्छी तरह से याद होगा कि इन्होने रैटिफिके न में बीट दिया था, इन्होने इन्कार भी नहीं किया था ओर वोट में भागमिल थे। मुझे चौधरी प्रताप सिंह दौलता को सुनकर ताज्जुब होता है, वे हाउस के पुराने पार्लियामेंटेरियन

हैं, वकील भी हैं, वे हाउस में एक बात कह कर गये है। यह ठीक है, नसबन्दी का सरकार को एक ान का री–एक ान मिला है, मै इस बात से इन्कार नहीं करता। लेकिन उनका इस बात पर गर्व करना और गलत ढंग से बात करना, हाउस में अप ाब्द इस्तेमाल करना, कानून की मर्यादा के अन्दर न रहना, यह जाहिर करता है कि ये वही हालात पैदा करना चाहते है जिन का 25 जून, 1975 को, रामलीला ग्रांउड में श्री जय प्रका ा नारायण ने एलान किया था और कहा था कि बगावत करो, फौज को हुक्म नहीं मानना चाहिये, पुलिस को हुक्म नहीं मानना चाहिये। आज दौलता साहब, चाहते है कि अगर वे कानून की हालत खराब कर देंगे, इसी तरह के हालात पैदा करेगें जो पहले थे तो गवर्नर साहब एलान कर देंगे कि ला–एंड–आर्डर की सिंचुए ान ठीक नहीं है। चेयरमैन साहब, यह ठीक है कि इलैक ान में कांग्रेस पार्टी को नौर्दन जोन में हार हुई है, हम इसे तसलीम करते है, जनता का वर्डिक्ट है, जमहूरियत में जनता जनार्दन है लेकिन जब 30 साल के पुराने भाासन को जनता अगर गिरा सकती है तो इस 10 दिन की हकूमत को इनको भी जनता उखाड़ सकती है अगर ये कानून को कानून न समझेंगे। अगर इसी तरह कानून का गला घोंटना भाुरू कर दिया जिससे जनता को घृणा पैदा हो तो क्या यह उचित होगा। एक साथी ऐसी बात कह गये है जो खुद ही भाी ो के मकान में बैठें है और दूसरों पर पत्थर फैंकते है। मैं नाम नहीं लेना चाहता था, लेकिन लेना पड़ रहा है, वे गौरी भांकर नरवाना के रहने वाले है। इन्होने जींद में फलौर मिल लगाया और ऐसे

एरिये में लगाया जहां लगाने की इजाजत नहीं मिल सकती थी और जो इजाजत देने वाले है उन्ही के खिलाफ वे बोल कर गए है। उस वक्त तो इन का गला सूखता था जब हरियाणा की प्रगति को देख कर कहा करते थे कि ऐसा हरियाणा का निर्माता पैदा नहीं हुआ है। चेयरमैंन साहब, आप डिबेट निकलवाकर देख लें, ये भाब्द मिलेगें। मैं कह रहा था कि हरियाणा में देहात में 82 प्रति ात आबादी है। इससे पहली बात भाायद, चेयरमैन साहब, आपको याद होगा, चौधरी रिजकराम ज्वांयट पंजाब में इरीगे ान एंड पावर मिनिस्टर होते थे। मैं भी उस समय 1962 से 1967 तक एम0एल0ए0 रहा हूं । हमें पता हैं कि उस समय हमारी मर्यादा क्या थी। हम (**17.00 बजे**) क्या कर सकते थे हरियाणावासी जो उस समय ज्वांयट पंजाब में भाामिल थे लैप्स होता था हमारा बजट 31 मार्च को और उसके बाद उसे पंजाबी रीजन में खर्च किया जाता था। पंजाब में हम तरसते थे एक एक बिजली के लट्टू को, एक एक स्कूल की अपग्रेडिंग के लिए और एक एक किलोमीटर सड़क के लिए। हम वे दिन बिल्कुल भूल गये। मैं तो कहा करता हूं कि दे ा आजाद हुआ 15 अगस्त 1947 को और हरियाणा आजाद हुआ 1 नवम्बर 1966 को। हम सैकिन्ड रेट सिटिजन गिने जाते थे। हमें कोई आजादी नहीं थी। हमें आजादी का जो हिस्सा मिलना चाहिए था वह नहीं मिलता था। चेयरमैन साहब, अभी अभी मैंने कहा कि हम 1 नवम्बर 1966 को आजाद हुये और मई 1968 में जब चौधरी बंसी लाल मुख्य मंत्री बने उन्होने विकास की रूपरेखा तैयार की ।उन्होने फैसला किया कि

हरियाणा का विकास किस तरह हो सकता है। हरियाणा देहात का प्रदे ा है। देहात में लोग ऐग्रीकल्चर पर डिपैन्ड करते हैं। ऐग्रीकल्चर को पानी की सुविधा न मिलें तो फार्मर उभर नहीं सकता। अगर फार्मर नहीं उभरेगा तो उससे लगी हुई दूसरी बिरादरियां, खाती, लोहार और चमार आदि, भी नैचुरैली नहीं उभरेगी। इस नतीजे पर पहुंच कर चौधरी बंसी लाल ने इन्फास्ट्रक्चर तैयार किया और विकास के काम जोर भाोर से भाुरू किए। कौन कहता है कि हमारा विकास नहीं हुआ? हम माइनस जीरो बेस से उपर उठे है। जिस समय हरियाणा बना हम अनाज बाहर से लेते थे। हम तनख्वाह नहीं दे सकते थे कर्मचारियों को। पंजाब के भाई हमारा मजाक उड़ाते थे। वे कहा करते थे कि हरियाणा चूंकि वायेबल यूनिट नहीं है इसलिये इसको पंजाब में ही भाामिल कर लो। आज हरियाणा की क्या स्थिति है? यह ठीक है कि एक पार्टी जो रूल करती थी वह चुनाव में हार गई लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि विकास नहीं हुआ। यह ठीक बात है कि किसी वजह से जनता नाराज थी या हम यह समझते है कि एक ान का रीऐक ान इनके हाथ लग गया या यों कहें कि लोग इस बात से अंसतुश्ट थे कि फैमिली प्लांनिग में उनके साथ बर्ताव अच्छा नहीं हुआ। इसके बातजूद भी अगर हम एक बात को इग्नोर करके चले तो यह कोई कंस्ट्रक्टिव किटिसिज्म नहीं है। अगर हम असल को न पहचाने और असल को भूलकर एक ऐसे रास्ते को अपना ले जिसमें हरियाणा का जो विकास हुआ है उसमें भी धोखा

लगे और आगे भी अपने विकास से हट जाएं तो चेयरमैन साहब कोई अच्छी बात नहीं होगी।

चेयरमैन साहब, भिवानी के बारे मैं यहां एक बात आई। मैं डिस्ट्रिक्ट भिवानी से ताल्लूक रखता हूं। बवानी खेड़ा मेरी कांस्टिचुऐंसी है जो टेल पर है। यहां यह बात आई कि जुई, लोहारू और बीरेन्द्रनारायण चक्रवर्ती कैनाल में सारी पानी रोहतक का ले गये, भाखड़ा का ले गये और वैस्टर्न जमुना कैनाल का ले गये। यह गलत ब्यानी है। आपको पता है कि करनाल में डीप ट्यूबवैल लगे है जिनका पानी जुई कैनाल में ले जाया जाता है न बीरेन्द्रनारायण चक्रवर्ती कैनाल का पानी भाखड़ा से ले जाते है और न वैस्टर्न जमुना कैनाल का पानी जुई में जाता है। आज तो बवानी खेड़ा कांस्टिचुऐंसी की हालत यह है कि वहां लोगों की प्रोडक्शन बढ़ाने की कैपेसिटी बढ़ सकती है अगर उसे पानी मिले। आज वहां पानी जरूरत के मुताबिक न मिलने की वजह से किसान की हालत कमजोर है। इसलिये यह बात बिल्कुल निराधार है यदि कोई यह कहे कि किसी का पानी काट कर वहां ले गये है।(विघन्)।

चेयरमैन साहब, ऐग्रीकल्चरल प्रोडक्शन बढ़ाने में आज देश में हरियाणा का नाम दूसरे नम्बर पर है। सारे देश में ऐग्रीकल्चरल प्रोडक्शन बढ़ाने में पंजाब टाप पर है। इसी तरह से जहां तक सैन्ट्रल पूल में अनाज देने की बात है इसमें भी पंजाब पहले नम्बर पर है और हरियाणा दूसरे नम्बर पर है। चेयरमैन

साहब, एग्रीकल्चरल प्रोडक ान बढ़ाने के लिये दो ही चीजें अत्यन्त आव यक है इलैक्ट्रिसिटी और पानी और इन दोनों साधनों पर, चौधरी रिजकराम जी भी मानेंगे, सारे बजट का 72 परसैन्ट रूपया आज तक खर्च होता रहा है। यही नहीं इस गवर्नर साहब के अभिभाशण में भी 80 प्रति ात रा ि ा इरीगे ान पर खर्च करने की व्यवस्था रखी गई हैं। (विघन) यह सारा पैसा हरियाणा में ही खर्च हो रहा है पाकिस्तान में खर्च नहीं हो रहा। अगर आप भिवानी और महेन्द्रगढ़ आदि इलाकों को हरियाणा न समझें तो इसमें मेरा क्या कसूर है? वे हरियाणा का ही पार्ट है। ड्रेन न0 8 रोहतक को तबाह करती थी। उस ड्रेन को कंवर्ट करके आवपा ाी के लिये इस्तेमाल किया गया । जिस ड्रेन के बारे में चौधरी रिजक राम जी कहा करते थे कि वह सांप का काम करती है उसी ड्रेन को चौधरी बंसी लाल ने कंर्वट करके आबपा ाी के लिए इस्तेमाल किया है ताकि हजारों किसानों का उत्पादन बढ़ें और लाखों लोगों कौ रोजी मिले।

चेयरमैन साहब, जहां तक सड़कों का ताल्लुक है, आपको याद होगा कि हमारे 70 परसैन्ट गांव सड़कों से जुड़े हुये है और गांव को भी सड़कों से जोड़ने के लिये हमारी सरकार प्रयत्न ाील है। गवर्नर साहब ने भी अपने अभिभाशण में इस बात का जिक्र किया है कि इस मद पर और अधिक पैसा खर्च किया जायेगा ताकि जयादा से ज्यादा गांव सड़को से जुड़ जायें । (इस समय उपाध्यक्षा पदासीन हुई)

जहां तक 20 सूत्री कार्यक्रम का सवाल है 2,14753 हरिजनों को और बैकवर्ड क्लासिज के लोगों को रिहाय ाी प्लाट देने की योजना बनाई गई थी और आपको जानकर खु ाी होगी कि 213377 हरिजनों को और बेकवर्ड क्लासिज के लोगों को प्लाट मिल गए है और उन पर 25000 मकान बनाने की व्यवस्था है। चेयरमैन साहब, मैंने ऐसा समय भी देखा है जब बैंको के राश्ट्रीयकरण के बाद रिक ाा वाले का पैसा मिला है, गरीब लोगों को भैंस खरीदने के लिये पैसा मिला है, इतना ही नहीं हरिजनों को टाईम बाउन्ड पीरियड में 25000 रिहाय ाी मकान बनाने के लिए चार परसैंट ब्याज पर पैसा दिया गया है। साढ़े तीन हजार रूपये उन्हें मकान को पक्का बनाने के लिये भी दिये गये है। यहीं नहीं तीन हजार रूपये और अपनी इच्छा के अनुसार भैंस खरीदने के लिए या जुती बनाने का काम करने के लिये या खड्डी आदि का काम करने के यि दिए गए है। यह सब 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत हुआ है। इससे हजारों आदमियों को जो भाहरों में रहते थे फायदा पहुंचा है। हो सकता है चौधरी रिजकराम जी को सोनीपत में कभी इस बात को देखने का मौका मिला हो। काफी गहराई से देखने के बाद यह पता चलेगा कि एक एक आदमी दस–बारह रिक ाा रखता था और वह रिक ाा चलाने वाले से 60 रूपये महीना मुफ्त में लेता था और वह बेचारा मु कल से पांच रूपये रोज कमाता था। वह बेचारा गीरब अपने खून–पसीने को बहा कर मु कल से चार–पांच कमाता था। इन बैंको के खुलने से काफी गरीब लोगों ने नयी रिक ाा खरीदी। लेागों को बैल खरीदने के

लिए, भैस खरीदने के लिए, ऊंट गाड़ी खरीदने के लिये बैंकों ने पैसा दिया।

इसी प्रकार 20 सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम के तहत नये आऊट–लैटस दिये गये, नयी नयी माइनर्ज बनायी गई, कुछ में आलट्रे ान की गई, नयी एक्सटैन् ान भी की गई । इस प्रकार से 20 सुत्रीय प्रोग्राम के तहत काफी लोगों को फायदा हुआ।

हरियाणा में हैंडलूम एन्ड हैंडी क्राफ्ट कारपोरे ान बनायी गई है। जो गरीब आदमी अपने हाथ से काम करने वाले है, वे सड़क पर बैठ कर काम करने की बजाये स्थायी रूप से अपने घर पर काम कर सकते है। उनको सरकार की और से लोन दिया गया है। दो करोड रूपये से यह हैंडलूम एन्ड हैन्डी काफ्ट कारपोरे ान बनायी है । इस कारपोरे ान से 1838 वीवर्ज को फायदा पहुंचा है। जनवरी से अब तक इतने लोग इस कारपोरे ान से फायदा उठा चुके है और अब उसका काम जारी है।

अब डिप्टी स्पीकर साहिबा, सड़क और ट्रांस्पोर्ट का सवाल है। ट्रांस्पोर्ट डिपार्टमेंट के बारे में इस ऐड्रैस में यह कह दिया है–– This department has been catering to the needs of about 511000 passengers daily and its buses have been covering about 440000 Kilometers every day. The fleet strength which was 1680 buses at the end of the financial year 1975-76 now it has been raised to 2100 buses by the end of the current financial year.

डिप्टी स्पीकर साहिबा जहां तक बसों का सवाल है, यह ठीक है कि बहुत सारी बसों के ब्रेक डाउन होते है लेकिन दूसरी पड़ोसी स्टेट्स की बसों में सफर करके देखो तो आपको पता चलेगा कि हरियाणा में कितनी एफिि येन्ट सर्विस है। ट्रांसपोर्ट में हमारी नुमाया तरक्की हुई है।

गवर्नर साहब ने अपने एड्रैस में पिछले साल का खुलासा दिया है और आगे आने वाले साल के बारे में रावी ब्यास के पानी के विशय में बताया है कि 16 करोड़ रूपये की रा ि ा खर्च किये जाने की आ ाा है। इस कैरियर को बना कर जयादा पानी की व्यवस्था की जायेगी। मैं तो यह कहता हूं कि चाहे कोई कांग्रेस में बैठता हो चाहे कोई अपोजी ान में बैठता है अगर वह हरियाणा के हित को इग्नोर करता है तो उसको जनता बरदास्त नहीं करेगी। अब जो हमें नया पानी मिलेगा वह 17 लाख एकड़ के लिए मिलेगा। हमारे लीडर आफ दी हाउस ने इस बात पर बल दिया है कि यह जल्दी से जल्दी बनायी जायेगी। सैन्टर में हमारे इरीगे ान एन्ड एग्रीकलचर के नये मिनिस्टर श्री प्रका ा सिंह बादल आये है। अब तो हमें और भी ज्यादा आसानी हो जायेगी। पंजाब रीजन में जो कैरियर बनना है उसको जल्दी से जल्दी बनवायेंगे ताकि टाईम बाउन्ड प्रोग्राम के अनुसार यह काम पूरा हो जायेगा। ऐसा होने से हरियाणा में खु ाहाली बढ़ेगी। जो वाटर अलाउन्स बढ़ा है उससे हमारी आनेवाली नसल खु ाहाल होगी। उनकी खु ाहाली नहर के पानी पर ही डिपैन्ड करती है।

इन भाब्दों के साथ, बाबू गुलाब सिंह जी ने जो मो ान आफ थैक्स मूव किया है, उसका समर्थन करता हूं और गवर्नर साहब ने जो अभिभाशण दिया है उसकी ताइद करते हूये अपना स्थान लेता हूं।

श्री रामधारी गौड़ (गोहाना): आदरणीय मोहतरिमा डिप्टी स्पीकर साहिबा आज राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर विचार चल रहा है। आप जानती है कि जो राज्यपाल महोदय का अभिभाशण होता है वह सरकार की नीतियों, उसके कामों का चाहे वे विकास के काम है, चाहें जनता के हित के काम है उसका आइना होता है। इस गवर्नर एड्रैस को पढ़ने से यह पता चलता है कि यह बिल्कुल धुंधला है, इस एड्रैस के अन्दर कोई साफ चीज दिखायी नहीं देती है। जो आइना आज से पांच साल पहले का था वहीं आज है। इसमें कोई नयी बात दिखायी नहीं देती है।

